दिन– रविवार दिनांक– 25 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे।

02. राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री आज दिल्ली में सुशासन पर आयोजित विचार सत्र में भाग लेंगे।

03. राज्य में मॉनसून के पन्द्रह जून तक पहुंचने की सम्भावना है। मौसम विभाग ने आज कटिहार, बांका और भागलपुर जिले में कई स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

04. और, रणधीर वर्मा अंडर–नाईनटीन क्रिकेट ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला आज। पटना और जमुई के बीच होगा खिताबी टक्कर।

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे। यह इस कार्यक्रम की एक सौ बाईसवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। इसके अलावा मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी की वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा। कार्यक्रम को प्रसार भारती के वेव्स ओटीटी प्लेटफार्म पर भी सुना जा सकता है। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

————————————————————————

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री आज दिल्ली में सुशासन पर आयोजित विचार सत्र में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बैठक की अध्यक्षता करेंगे। भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी विचार–विमर्श में भाग लेंगे। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्मंत्री सम्राट चौधरी और मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा भी एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक में शामिल होंगे। बैठक में बिहार के विकास योजनाओं की जानकारी दी जायेगी।

———————————————————————

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकसित कृषि संकल्प अभियान इस महीने की उनतीस तारीख से ओडिशा के पुरी से शुरू होगा। नई दिल्ली में कल देशभर से आए कृषि वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस अभियान में सात सौ इकतीस कृषि विज्ञान केन्द्र, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान परिषद के एक सौ तेरह संस्थान, राज्य स्तरीय विभाग तथा कृषि, बागवानी, पशु–पालन, मत्स्य पालन अधिकारियों के साथ–साथ नए प्रयोग करने के इच्छुक किसान भाग लेंगे। श्री चौहान ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार सरकार किसानों से सीधे संपर्क कर रही है। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रव्यापी अभियान देश के लगभग डेढ़ करोड़ किसानों से सीधे जुड़ेगा। इसके दायरे में देश के सात सौ जिले आयेंगे और वैज्ञानिकों का एक दल गांव–गांव जाकर किसानों से सीधे संपर्क करेंगा।

———————————————————————

आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर की जबरदस्त सफलता के उत्साह के बीच समग्र राष्ट्र, भारतीय जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता के रूप में आकाशवाणी समाचार विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। आज हम उन्नीस सौ पैंसठ के भारत –पाकिस्तान युद्ध में सर्वोच्च बलिदान देने वाले परमवीर चक्र विजेता लेफ्टिनेंट कर्नल ए.बी. तारापोर का स्मरण कर रहे हैं।

———कट———

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए कर्मचारी भविष्य निधि जमा पर आठ दशमलव दो–पांच प्रतिशत ब्याज दर की मंजूरी दे दी है। इससे देश के सात करोड़ अंशदाता कर्मचारियों को लाभ होगा। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के केन्द्रीय ट्रस्टी बोर्ड ने इस ब्याज दर की सिफारिश की थी। पिछले वर्ष भी ईपीएफ पर ब्याज दर आठ दशमलव दो–पांच प्रतिशत ही थी, जबकि वित्तीय वर्ष दो हजार बाईस–तेईस में यह आठ दशमलव एक–पांच प्रतिशत थी।

———————————————————————

राज्य के छह नगर पंचायतों के पचास रिक्त पदों पर अट्ठाईस जून को मतदान होगा। नगर विकास और आवास विभाग ने कल इसकी अधिसूचना जारी कर दी है।

पटना जिले के खुसरूपुर और बिक्रम, पूर्वी चम्पारण जिले के मेहसी और पकड़ी दयाल तथा रोहतास के कोचस नगर पंचायत में चुनाव होगा। वहीं, बांका नगर परिषद के मुख्य पार्षद पद, बक्सर और बोधगया के उप मुख्य पार्षद के पद शामिल हैं। जबकि गया जिले के खिजरसराय नगर पंचायत और सीवान जिले के मेरवा नगर पंचायत के मुख्य पार्षद के साथ सारण जिले के एकमा बाजार नगर पंचायत के उप मुख्य पार्षद का पद शामिल हैं। शेष बचे चौवालीस पद वार्ड पार्षदों के हैं। विभाग के अनुसार इन क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी है। अट्ठाईस मई से पांच जून तक नामांकन की प्रक्रिया चलेगी। छह और नौ जून के बीच उम्मीदवारों के आवेदनों की जांच की जायेगी। दस से बारह जून तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। वहीं, तीस जून को मतगणना होगी।

———————————————————————

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बादल छाये हुये है। कुछ स्थानों पर हल्की बारिश भी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार कई जिलों में प्री–मॉनसून वर्षा से मौसम सुहाना बना हुआ है। विभाग ने अगले दो दिनों के दौरान उत्तर–पश्चिम, दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–पूर्व के भागों में कई स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश की संभावना जताई है। वहीं, मौसम वैज्ञानिक ने आज कटिहार, बांका और भागलपुर जिले में कई स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

———बाइट———

इधर, मौसम विभाग के अनुसार राज्य में मॉनसून के पन्द्रह जून तक पहुंचने की सम्भावना है। विभाग ने कहा है कि केरल में अपने तय समय से आठ दिन पहले मॉनसून ने दस्तक दे दी है। इससे पहले साल दो हजार नौ में मॉनसून तय समय से पहले आया था।

———————————————————————

संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा का आज पटना के इक्यानवे केन्द्रों पर आयोजन किया जायेगा। जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने बताया कि दो पाली में आयोजित होने वाली परीक्षा को लेकर सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। परीक्षा में चौवालीस हजार तिरेसठ परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। आयोग ने इस परीक्षा के लिए तीन वरीय आईएएस अधिकारियों को प्रेक्षक के रूप में तैनात किया है।

———————————————————————

सुपौल जिले में सशस्त्र सीमा बल आज आठवें बुनियादी प्रशिक्षण बैच के दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन कर रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि केन्द्रीय गृह राज्य

मंत्री नित्यानंद राय हैं। परेड में दो सौ छह प्रशिक्षित जावान शामिल होंगे। एसएसबी के महानिदेशक अमृत मोहन प्रसाद के अनुसार ये जवान अनुशासित और कठिन प्रशिक्षण प्राप्त है।

————————————————————————

प्रदेश में कल से अट्ठाईस मई के बीच एक अभियान के अन्तर्गत साठ लाख आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने कहा कि सत्तर वर्ष की आयु से ऊपर के चार लाख लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य है।

————————————————————————

राज्य के रोहतास जिले के निवासी आकाश दीप को इंग्लैंड के साथ होने वाले टेस्ट सीरिज में जगह मिली है। आकाश दीप घरेलू टूर्नामेंट में बंगाल की ओर से खेलते हैं। वे आईपीएल में लखनऊ सुपर ज्वाईट्स टीम का हिस्सा है। उन्होंने अब तक सात अन्तरराष्ट्रीय मैच खेला है।

————————————————————————

इधर, पटना के मोईनुलहक स्टेडियम में बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में चल रही रणधीर वर्मा अंडर–नाईनटीन क्रिकेट ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला आज पटना और जमुई के बीच होगा। मैच सुबह नौ बजे से शुरू होगा। इससे पहले कल खेले गये दूसरे सेमीफाइनल में जमुई ने भोजपुर को आठ विकेट से हराकर फाइनल में पहुंचा है।

————————————————————————

शेखपुरा जिले में उत्पाद विभाग ने अभियान चलाकर शराब बेचने के आरोप में नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं, जिले के नगर थाना क्षेत्र की पुलिस ने चोरी के लगभग तीन किलो से अधिक सोने के आभूषणों के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

————————————————————————

पटना जिले के पाटलिपुत्र थाना के एक महिला दारोगा और दो एएसआई पर जब्त शराब को गायब कराने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। वहीं, पटना जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर ने संपतचक प्रखंड के अंचलाधिकारी पर कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में पांच हजार रूपये का जुर्माना लगाया है।

————————————————————————

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए इकतीस जुलाई तक आवेदन लिये जायेंगे। इसके लिए आवेदन ऑनलाईन लिया जा रहा है। छब्बीस दिसम्बर को वीर बाल दिवस के अवसर पर चयनित बच्चों को राष्ट्रपति सम्मानित करेंगी।

————————————————————————

प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत राज्य में छह करोड़ पन्द्रह लाख बैंक खाते खोले गये हैं। इनमें तीन करोड़ चौवालीस लाख पुरूष और दो करोड़ इकहत्तर लाख महिला खाताधारी हैं।

————————————————————————

प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना के अन्तर्गत खाद्य उद्योग मंत्रालय ने कृषि प्रसंस्करण उद्योगों के लिए उद्यमियों से आवेदन मांगा है। आवेदन चौदह जुलाई तक ऑनलाइन किये जा सकते हैं।

————————————————————————

नालंदा जिले के एक व्यक्ति से साईबर अपराधियों ने आर्मी अधिकारी बनकर लगभग सवा लाख रूपये ठगी कर ली। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने बिहार सरकार की ओर से केन्द्र सरकार को भेजे गये एक पत्र के आधार पर लिखा है– केन्द्रीय योजनाओं में नब्बे फीसदी अंशदान दे केन्द्र।

दैनिक जागरण ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हवाले से लिखा है– विकसित भारत के लिए ऑपरेशन सिंदूर जैसी एकजुटता जरूरी।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– बक्सर में वर्चस्व की लड़ाई, सड़क पर पांच को मारी गोली, तीन की मौत।

प्रभात खबर ने लिखा है– दाखिल–खारिज के लिए लाखों वसूलते सीआई और डाटा इंट्री ऑपरेटर गिरफ्तार।

आज अखबार की बड़ी खबर है–गयाजी में तीन करोड़ की नकली दवा जब्त।

————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे।

02. राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री आज दिल्ली में सुशासन पर आयोजित विचार सत्र में भाग लेंगे।

03. राज्य में मॉनसून के पन्द्रह जून तक पहुंचने की सम्भावना है। मौसम विभाग ने आज कटिहार, बांका और भागलपुर जिले में कई स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

04. और, रणधीर वर्मा अंडर–नाईनटीन क्रिकेट ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला आज। पटना और जमुई के बीच होगा खिताबी टक्कर।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।